एक नजर में

## वैश्य समाज महासम्मेलन ने जताया आभार



इंदौर. गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद देपालपुर द्वारा पेयजल वितरण सेवा के लिए प्रदत्त सम्मान पर वैश्य समाज महासम्मेलन देपालपुर के पदाधिकारियों ने तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया. इस अवसर पर वैश्य समाज महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला ख़ान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से वर्ष 2025 में विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर परनि :शुल्क पेयजल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था. यह सेवा निरंतर 25 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित होती आ रही है और वर्ष 2025 में यह अभियान सर्वाधिक समय 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक सतत रूप से जारी रहा, जिसे पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ विराम दिया गया. वैश्य समाज महासम्मेलन ने नगर परिषद देपालपुर द्वारा इस सेवा को सम्मानित किए जाने को समाजसेवी प्रयासों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बताते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समाज को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं. इस अवसर पर वैश्य समाज महासम्मेलन के देपालपुर तहसील प्रभारी मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष राज जैन, युवा अध्यक्ष पीयूष विजयवर्गीय, मनोज जैन, शिवम सोनी, जे .पी .नागर एवं नमन सहित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे.

## सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन



इंदौर. चोइथराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बैग्राम, खंडवा रोड इंदौर में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में 50 रासेयो स्वयंसेवकों, दो शिक्षकों एवं दो सहयोगी कर्मचारियों ने सहभागिता की. सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया. परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम सर्वेक्षण, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं पर नुक्कड़ नाटक, एड्स जागरूकता रैली, वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य शिविर जैसी विभिन्न सामाजिक गतिविधियां संपन्न कीं. शिविर का समापन लायन दिनेश रणधर लायंस इंटरनेशनल इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ. श्री रणधर ने शिविर में भाग ले रहीं छात्राओं से संवाद में विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक संस्कारों के महत्व व योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, शक्तिवर्धक आहार के अपनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया. अंतर भारतीय संस्थान के संस्थापक प्रताप सिंह डांगी द्वारा समारोह में छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए. उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवक को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह संपूर्ण शिविर प्रधानाचार्य प्रो. श्रीजा विजयन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. शिविर का संचालन प्रो. राखी चंदेल (रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी) एवं प्रियंका तिवारी (रा.से.यो प्रभारी) द्वारा किया गया. छात्र नेतृत्व की भूमिका सुश्री मोनालिका पगारे एवं सुश्री कोमल मीना ने निभाई.

## बुनकरों की हस्तकला का प्रदर्शन दस्तकारी हाट में

इंदौर. अभय प्रशाल में वेडिंग सीजन को देखते हुए दस्तकारी हाट सिल्क वीव्स एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है. 9 फरवरी तक आयोजित इस आयोजन में देश भर के सबसे ज्यादा सिल्क बुनकर आए हैं. इसमें वे पारंपरिक बुनाई और हस्तलकला का प्रदर्शन कर रहे हैं. आयोजक शमीन शाह ने बताया कि इस एक्सपो को इंदौर में साल में एक बार लगाया जाता है। इस बार 100 से ज्यादा स्टॉल पर 20 से ज्यादा राज्यों की खासियत लेकर आए हैं और इसमें कुछ खास छूट भी दी जा रही है. दस्तकारी हाट सिल्क वीव्स एक्सपो (सिल्क महोत्सव) भारत के विभिन्न राज्यों के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट सिल्क, कॉटन साड़ी, हस्तशिल्प और परिधानों की एक प्रमुख प्रदर्शनी है, जो पूरे देशभर में आयोजित की जाती है. एक्सपो सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारतीय हस्तकला और पारंपरिक बुनाई को बढ़ावा देने की एक बड़ी पहल है. प्रदर्शनी में बनारस की बनारसी साड़ियां, बिहार की तसर सिल्क साड़ियां, पश्चिम बंगाल की तांत साड़ियां, ओडिशा की संबलपुरी साड़ियां और तमिलनाडु की कांजीवरम साड़ियां, राजस्थान के ब्लॉक प्रिंट दुपट्टे, कश्मीर की पश्मीना शॉल और गुजरात की बांधनी खास आकर्षण हैं.



## दिव्य गीता सत्संग में आज से, भक्तों को देंगे गीताजी



इंदौर. कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह पर 6 से 8 फरवरी तक सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक न्यास की मेजबानी में प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में हो रहे दिव्य गीता सत्संग के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. शुभारंभ शुक्रवार को दोपहर 3 बजे विशिष्ठ अतिथियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन के साथ होगा. दिव्य गीता सत्संग के अनुष्ठान में प्रतिदिन समापन प्रसंग पर आरती एवं प्रसाद के अलावा गीताजी का वितरण भी होगा. ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ भगवद गीता (जीओ गीता) के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल, समन्वयक डॉ. कुलभूषण मित्तल एवं प्रदेश संयोजक मनोरंजन मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय इस वृहद आयोजन में मालवांचल के 12 जिलों और शहर के 15 समाजों की भागीदारी सुनिश्चित होने के बावजूद भक्तों का उत्साह लगातार बना हुआ है. गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद शुक्रवार 6 फरवरी को सुबह 7 बजे विमान से इंदौर पहुंचेंगे और विमानतल पर गरिमापूर्ण अगवानी के बाद वे महाकालेश्वर दर्शन के लिए उज्जैन प्रस्थित होंगे. उज्जैन से सुबह 10.30 बजे इंदौर आकर सेंट्रल जेल पहुंचकर कैदियों को जीवन सँवारने के मंत्र देंगे. दोपहर 3 से 6 बजे तक वे मोर्या हिल्स कनाडिया रोड स्थित केबीसी सभागृह में दिव्य गीता सत्संग के मुख्य आयोजन में सानिध्य प्रदान करेंगे.

## एक्जीबिशन ग्रेनेक्स का आज मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

इंदौर. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वाधान में दाल, अनाज की अति-आधुनिक मशीनरी की एक्ज़ीबिशन ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन 6, 7 और 8 फरवरी को बैप्स श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मन्दिरनेमावर रोड़ चौराहा बायपास रोड़ पर होने जा रहा है. इस एक्ज़ीबिशन का शुभारंभ 6 फरवरी को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वाधन में दाल और सभी प्रकार के खाद्यान्नों एवं मसालो के प्रसंस्करण की नवीनतम एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी की मशीनरी की एक्ज़ीबिशन का यह अनूठा आयोजन हो रहा है. नई टेक्नोलॉजी की मशीनों से देश में दाल उद्योगो को बढ़ावा मिलेंगा और दाल की क्वालिटी में सुधार होंगे. इस एक्ज़ीबिशन में 200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मशीनरी निर्माता कंपनियाँ हिस्सा ले रही है.

## तीन दिवसीय एमपीएएसआईकॉन आज से

इंदौर. सर्जरी के क्षेत्र में हो रहे आधुनिक बदलावों और नई तकनीकों को साझा करने के लिए तीन दिवसीय एमपीएएसआईकॉन नेशनल कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है. यह कॉन्फ्रेंस 6 फरवरी से होटल रेडिसन ब्लू में होगी. एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश स्टेट चैप्टर और इंदौर सिटी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस कॉन्फ्रेंस में देश के अलग-अलग राज्यों से 500 से ज्यादा सर्जन शामिल होंगे. प्रेसीडेंट डॉ राकेश शिवहरे ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र समेत कई अन्य राज्यों के सर्जन हिस्सा लेंगे. कार्यक्रम में गुजरात के जाने माने सर्जन डॉ कल्पेश जानी, केईएम मुंबई के प्रोफेसर डॉ समीर रेंगे, नागपुर से डॉ प्रशांत नाहटे और औरंगाबाद से डॉ प्रवीण सूर्यवंशी जैसे विशेषज्ञ बतौर स्पीकर शामिल होंगे.

# क्रिकेट सट्टे ने ली दूध व्यापारी की जान

**कर्जदारों की प्रताड़ना से दुखी होकर जहर खाया**

**बुकी और महिला सहित पांच लोगों के नाम बताए**



**इंदौर.** मल्हारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बांगड़दा इलाके में एक दूध विक्रेता आकाश तिवारी ने कर्जदारों के उत्पीडन् से तंग आकर जहर खाकर सुसाइड कर लिया. घटना बुधवार की है, जब आकाश ने बड़ा गणपति क्षेत्र के समीप जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था. जहर खाने के बाद आनन-फानन में उसे उपचार के लिए बाठिया अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की मर्ग जांच शुरू कर दी है.

पारिवारिक सूत्रों और पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि आकाश पर लगभग 20 लाख रुपए का भारी कर्ज हो गया था. बताया जा रहा है कि यह कर्ज क्रिकेट के सट्टे में हुए नुकसान के कारण हुआ था. इसी कर्ज की वसूली के लिए लेनदार उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे और मानसिक रूप से दबाव बना रहे थे. मृतक के परिवार में उसकी पत्नी, एक छोटा बेटा, मां और बड़ा भाई विकास हैं, जो इस घटना के बाद से गहरे सदमे में हैं.

**बारीकी से की जा रही जांच**

आकाश के मोबाइल फोन को पुलिस ने कब्जे में लेकर कॉल रिकॉर्ड्स और मैसेज की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि उन लोगों के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए जा सकें, जो उसे आत्महत्या के लिए उकसा रहे थे. टीआई के अनुसार, बयानों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**मृत्यु पूर्व दिए बयान में ये नाम किए उजागर**

टीआई वीरेंद्र कुशवाह के अनुसार, मृत्यु से पहले आकाश के बयान दर्ज किए गए हैं. अपने बयान में उसने स्पष्ट रूप से उन लोगों का जिक्र किया है, जो उसे पैसों के लिए परेशान कर रहे थे. आकाश ने संजय उर्फ संजू पंवार, पम्मी, हरी सोनी, नरेंद्र की पत्नी और एक क्रिकेट बुकी के नामों का खुलासा किया है. हालांकि, पुलिस को मौके से या तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और न ही उसके मोबाइल में कोई सुसाइड वीडियो ही मिला है.



# विशेष सशस्त्र बल के नव आरक्षकों को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**इंदौर. 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, इंदौर में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 145 नव आरक्षकों के लिए गुरुवार को यातायात प्रबंधन विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई.**

प्रशिक्षण यातायात एसीपी सुश्री सुप्रिया चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में उप सेनानी विशाल सिंह, सहायक सेनानी विनोद बघेल, सीडीआई आशीष मिश्रा सहित यातायात पुलिस की टीम उपस्थित रही. एसीपी सुप्रिया चौधरी ने वीडियो प्रजेंटेशन और प्रैक्टिकल के माध्यम से ट्रैफिक इंजीनियरिंग, एजुकेशन, इंफोर्समेंट और इमरजेंसी केयर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी. नव आरक्षकों को वीआईपी ड्यूटी व अन्य व्यवस्थाओं के दौरान यातायात संचालन की चुनौतियों, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और पालन करवाने पर विशेष जोर दिया. यातायात एजुकेशन विंग ने हैंड सिग्नल के माध्यम से ट्रैफिक नियंत्रण का व्यावहारिक डेमो भी दिया.

## चार पुलिसकर्मियों को मिला राष्ट्रीय सम्मान









**इंदौर.** मध्य प्रदेश पुलिस के लिए गर्व का पल तब आया, जब वर्ष 2025 के केंद्रीय गृहमंत्री 'अति उत्कृष्ट' और 'उत्कृष्ट' सेवा पदकों की घोषणा में इंदौर पुलिस के चार अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम शामिल हुए. कर्तव्यनिष्ठा, बेदाग सेवा और मैदानी पुलिसिंग में उत्कृष्ट योगदान के चलते एसीपी विजय चौधरी, आरआई दीपक कुमार पाटिल, निरीक्षक पंकज कुमार ताम्रकार और प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया जाएगा. गृह मंत्रालय की ओर से जारी सूची के मुताबिक वर्ष 2025 में प्रदेशभर से 123 पुलिसकर्मियों को 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक' और 146 को 'उत्कृष्ट सेवा पदक' के लिए चयनित किया है. इसमें इंदौर के चार नाम शामिल होना जिले की पुलिसिंग व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

# दूसरों से तुलना न कर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें

## 'परमात्मा अवतरण से स्वर्णिम भारत की ओर' विषय पर कार्यक्रम

**इंदौर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के न्यू पलासिया स्थित ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी सभागृह, ज्ञानशिखर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 'परमात्मा अवतरण से स्वर्णिम भारत की ओर' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत रावत ने कहा कि हमारे अंदर की दुनिया बहुत खूबसूरत है. हम अपने आप में शुद्ध, पवित्र और श्रेष्ठ हैं. लेकिन बाहर की दुनिया के चकाचौंध में आत्मा पर दाग और धूल लगने से वो अपनी श्रेष्ठता को भूल गई हैं. हमें खुद के कर्म से अपने को बेहतर बनाना है. दूसरों से तुलना न कर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना है क्योंकि उच्च लक्ष्य के आगे छोटी- छोटी कमियां स्वत: समाप्त हो जाती हैं.



इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि वर्तमान समय गीता में वर्णित कलयुग के अंत का, अति धर्म ग्लानि का समय है. जहां हर मानव मन में अज्ञान रूपी अंधकार छाया है. ऐसे समय में हम सबके कल्याणकारी परमात्मा शिव अपने साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा के साधारण तन द्वारा सत्य ज्ञान का प्रकाश और राजयोग की शिक्षा देकर कलयुगी रात्रि को बदल सतयुगी सवेरा की स्थापना कर रहे हैं. डॉ. विनीता कोठारी ने कहा कि यह ईश्वरीय विश्व विद्यालय एक अस्पताल भी है जहां जीवनशैली से संबंधित ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अनेक मानसिक बीमारियों का राजयोग मेडिटेशन द्वारा इलाज होता है.

**मन को शुद्ध व पवित्र बनाना है**

कस्टम एवं जी.एस.टी. विभाग के कमिश्नर दिनेश बिसेन ने कहा कि शिवरात्रि का पर्व साक्षात् परमात्म अवतरण और उनके कर्तव्य का यादगार पर्व है. हमें उनसे जुड़कर जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर करना है. नगर निगम के पूर्व सिटी इंजीनियर महेश शर्मा ने कहा कि परमात्मा से जुड़ने के लिए हमें अपने मन को बहुत शुद्ध, पवित्र और स्वभाव को सहज, सरल बनाना है. पूर्व कुलपति डॉ. मानसिंह परमार ने कहा कि यह वह विश्व विद्यालय है जहां डॉक्टर, इंजीनियर, जज, वकील, पत्रकार सभी आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा लेकर जीवन को दिव्य बनाते हैं. संचालन ब्रह्माकुमारी अनिता बहन ने किया.

# अड़ीबाजी मामले का फरार बदमाश गिरफ्तार

## घटनास्थल पर पुलिस ने मंगवाई सार्वजनिक माफी

**इंदौर.** चंदननगर थाना क्षेत्र में अड़ीबाजी कर युवक से मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे कुख्यात बदमाश को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के खिलाफ पहले से सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसी स्थान पर आरोपी से जनता के सामने माफी भी मंगवाई, जहां वारदात को अंजाम दिया था.

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि 22 दिसंबर की रात आरोपी पार्थ उर्फ चाय, राहुल झटका और रोहित मराठा ने मिलकर रौनक कोचले निवासी दामोदर नगर के साथ अड़ीबाजी करते हुए मारपीट की थी.

घटना के बाद पार्थ और राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी रोहित मराठा लगातार फरार चल रहा था. लगातार तलाश के बाद चंदननगर पुलिस ने देर रात 24 वर्षीय रोहित मराठा उर्फ रोहित निर्मल निवासी पंचमूर्ति नगर हाल ऋषि पैलेस द्वारकापुरी को पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ थाना छत्रीपुरा और चंदननगर में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं.





जांच में यह भी सामने आया कि वारदात के बाद आरोपियों ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों पर पत्थर फेंककर उन्हें तोड़ने की कोशिश की थी, ताकि पहचान छिपाई जा सके और इलाके में दहशत फैलाई जा सके. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है.

# छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया

## भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

**इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स इंदौर में महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने सादर उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया तथा महाविद्यालय से जुड़े पुराने स्वर्णिम पलों को भावपूर्ण ढंग से स्मरण किया.**

कार्यक्रम में विशेष रूप से भूतपूर्व छात्र डॉ. श्यामसुंदर पलोड़, प्रो. पंकज मिश्रा, मनीष सर सहित अनेक पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से आयोजन अत्यंत सार्थक एवं स्मरणीय बन गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश उपाध्याय द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास बक्षी रहे, जबकि समन्वय का दायित्व प्रो. विभोर ऐरन ने भली-भांति निभाया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने कहा कि भूतपूर्व छात्र किसी भी संस्था की पहचान और प्रेरणा होते हैं. उनके अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों को दिशा प्रदान करते हैं तथा संस्थान की परंपराओं को सुदृढ़ बनाते हैं.



संकल्प-26 कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के मीडिया न्यूज़ पेपर का विधिवत विमोचन भी किया गया, जो संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का सजीव दस्तावेज है. कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनदीप कौर के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

# बिना ट्रेड लाइसेंस चल रही रैपिडो बाइक टैक्सी पर की कार्रवाई

**इंदौर. बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रही ऑनलाइन बाइक टैक्सी सेवाओं पर अब परिवहन विभाग ने सीधी कार्रवाई शुरू कर दी है. नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने रैपिडो के खिलाफ शिकंजा कस दिया है. जबकि तीन दिन पहले ही रैपिडो के अधिकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है. अब पुलिस की मदद से ऐप को बंद करवाने की कार्रवाई की जाएगी.**

**नाबालिग से दुष्कर्म मामले के बाद सख्त हुआ प्रशासन**

**12 मोटरसाइकिल की जब्त**

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को उनकी टीम ने एआरटीओ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए रैपिडो की 12 बाइक टैक्सियों को जब्त किया. खास बात यह रही कि कार्रवाई के लिए आरटीओ अमले ने मोबाइल ऐप के जरिए खुद बुकिंग कर बाइक चालकों को बुलवाया.

जैसे ही चालक तय स्थान पर पहुंचे, मौके पर मौजूद परिवहन विभाग की टीम ने बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालन का हवाला देते हुए बाइक जब्त कर ली. एआरटीओ ने बताया कि आरटीओ कार्यालय द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इंदौर में रैपिडो बाइक टैक्सी कंपनी को कोई ट्रेड लाइसेंस जारी या नवीनीकृत नहीं किया गया है। इसके बावजूद रैपिडो मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खुलेआम बाइक टैक्सी सेवाएं चला रही है. इसी कारण इसे बंद करवाने का अनुरोध किया गया है.

एक नजर में | केंद्रीय बजट पर परिचर्चा आयोजित

# विकसित भारत की नींव रखने वाला सुधारों का बजट

**इंदौर.** वित्त वर्ष 2026-27 का बजट विकसित भारत के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है. इस बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिब्द्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है. इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है.

ये विचार प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं करियर कॉउंसलर डॉ. जयंतीलाल भंडारी के है, जो उन्होंने जाल सभाग्रह के बोर्ड रूम में केंद्रीय बजट पर आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किये. यह आयोजन टैक्सटाइल एसोसिएशन एमपी यूनिट और एमपी टैक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन की ओर से किया गया था. डॉ. भंडारी ने कहा कि बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ सुनिश्चित किए हैं. बजट के तहत इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और आयकर भरना आसान किया गया है. बजट के नए प्रावधानों से बुनियादी ढांचा, छोटे शहर, एमएसएमई, शिक्षा, पर्यटन और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में नई पीढ़ी के लिए रोजगार के व्यापक मौके बढ़ेंगे. यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा. विषय की प्रस्तावना और स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक अंकित वेदा ने दिया.




**अच्छे सुधारों वाला बजट...**

चार्टर्ड अकाउन्टेंट सुनील जैन ने भी बजट की सराहना करते हुए उसे अनेक अच्छे सुधारों को लाने वाला बताया. उन्होंने उपस्थित श्रोता समुदाय को ध्यान में रखते हुए बजट के उन पहलुओं का विशेष उल्लेख किया, जो श्रोताओं से सीधे संबंधित थे. उन्होंने यह विशेष रेखांकित किया कि इस बजट द्वारा वस्त्र उद्योग या टेक्सटाइल के क्षेत्र के स्वर्णिम युग की शुरुआत हो रही है. देश के विकास के जिन-जिन क्षेत्रों पर फोकस किया गया है, उनमें इस बजट से ऐसे बीज डाले गये हैं, जिनसे भविष्य में लहलहाती फसल आयेगी और टेक्सटाइल्स उनमें से एक है. इस क्षेत्र के लिए कई कमाल के कदम उठाए गये हैं. आयकर संबंधी प्रावधानों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है, लेकिन जो छोटे-छोटे सुधार किये गये हैं, वे अच्छे हैं व राहत देने वाले हैं. प्रवीण जोशी ने बताया कि अतिथि स्वागत प्रतीक मिश्रा और एमसी रावत ने किया. कार्यक्रम का संचालन अंकित वेदा ने किया. आभार माना एम सी रावत ने. कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में बिजनेसमैन एवं समाजसेवी उपस्थित थे.